हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 अक्टूबर 2025

04 30 अक्टूबर को निकलेंगे खाटू नरेश

07 दीपावली पर शहर रोशनी से सराबोर संस्थानों में शुभ मुहुर्त में हुई पूजा

शहर में सुबह 6 से रात्रि 11 बजे तक माल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा पुलिस अधीक्षक प्रतिवेदन के आधार पर शहर में दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु, मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 116 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। जारी आदेशनुसार गुना शहर की सीमा में प्रतिबंधित अवधि में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक लदान रहित 7.5 टन से अधिक वजन वाले भारी माल वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त वर्णित माल वाहन मारुति शोरूम, भुल्लनपुरा, बूढ़े बालाजी एवं हनुमान चौराहा से शहर के भीतर प्रवेश नहीं करेंगे। अशोकनगर की ओर से आने-जाने वाले मालवाहन बिलोनिया बायपास नानाखेड़ी मंडी गेट हनुमान चौराहा - कैंट चौराहा मार्ग से ही आवागमन करेंगे तथा प्रतिबंधित समय में नानाखेड़ी मंडी को छोड़कर अन्य आंतरिक मार्गों में प्रवेश नहीं

करेंगे। स्कूल बसें, विद्यालय/महाविद्यालय की पुस्तकें/कागज, पेट्रोल/डीजल/केरोसिन/एल.पी.जी. गैस एवं दूध आपूर्ति करने वाले वाहन जो शहर के भीतर लोडिंग-अनलोडिंग के लिये आते हैं, उन्हें प्रतिबंध से छूट रहेगी।

व्यावसायिक कार्य में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉली का प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से रात्रि 11 बजे तक वर्जित रहेगा। किसी विशेष परिस्थिति में किसी भारी वाहन को शहर में प्रवेश की अनुमति अपर जिला दण्डाधिकारी अथवा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात), गुना द्वारा दी जा सकेगी। प्रतिबंधित घोषित किये गये क्षेत्र में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 118 के अन्तर्गत नियमों का पालन किये जाने हेतु उक्त मार्गों के प्रवेश स्थान पर आवश्यक सूचना सहज गोचर स्थानों पर लगाये जायेगें। तथा उक्त आदेश का क्रियान्वयन किये जाने हेतु यातायात पुलिस की तैनाती करते हुए भारी वाहनों के प्रवेश को रोका जायेगा।उक्त आदेश लोकहित में पारित किया गया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर आगामी 21 नवंबर तक प्रभावशील रहेगा।

समाचार संक्षेप

सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट द्वारा ट्रस्ट के कार्यालय में की गई लक्ष्मी पूजन



आरोन। नगर के सामाजिक धार्मिक आध्यात्मिक सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट आरोन द्वारा ट्रस्ट के कार्यालय पर ट्रस्टियो द्वारा लक्ष्मी पूजन का कार्यक्रम किया गया । लक्ष्मी पूजन करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी हल्के नेताजी एवं पूजा कराते हुए ट्रस्ट के सचिव ओमप्रकाश बेधेल कोषाध्यक्ष भगवान लाल शर्मा सदस्य संजीव साहू रामवीर सिंह रघुवंशी लाखन सिंह यादव आदि द्वारा पूजन किया गया । सभी देश एवं प्रदेशवासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं लक्ष्मी जी की कृपा सभी पर सदा बनी रहे जिससे जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि का संचार हो ।

नगर परिषद आरोन में दीपावली पर हुआ लक्ष्मी पूजन व मिठाई वितरण

आरोन । नगर परिषद आरोन परिसर में दीपावली पर्व के पावन अवसर पर मां लक्ष्मी जी की विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस शुभ अवसर पर प्रतिष्ठित पंडित रामदयाल शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से पूजा सम्पन्न कराई गई।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अरुणा शैलेश जैन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश सोनी, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती संध्या राजीव रघुवंशी, विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन, रामबाबू नेताजी, विष्णु प्रसाद दुबे, भगवान लाल शर्मा, राजाराम रघुवंशी ,पार्षद मूलचंद भोरे, गोपाल सोनी, बृजमोहन यादव, अजय दुबे माशूक जैन, रामेश्वर साहू, रघुवीर ग्वाल, तीर्थ ठेकेदार ,धर्मेंद्र बुनकर, आजुदी बाई सहित नगर परिषद के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।पूजा उपरांत नगर परिषद परिसर को दीपमालाओं से सजाया गया तथा उपस्थित जनों को मिठाई वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद परिवार ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं और नगर में स्वच्छता एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश भी दिया।कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें नगर परिषद कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। दीपों की झिलमिलाहट और मां लक्ष्मी की आराधना से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में परिवर्तित हो गया।

जैन गोशाला में मुनि दुर्लभ सागर के सानिध्य में मनाया गया गोवर्धन पूजा पर्व

आरोन। नगर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज के मंगल सानिध्य में सिरसी रोड़ स्थित जैन समाज आरोन द्वारा संचालित श्री अरनाथ विद्यासागर जैन गोशाला में गोवर्धन पूजा पर्व मनाया गया। चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने बताया कि इस अवसर पर जैन गोशाला पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जैन समाज के महिला पुरुष युवा वर्ग एवं जैन पाठशाला के बच्चों ने गोशाला पहुंचकर अपने अपने घरों से लाए गुड़,खली आदि खाद्य सामग्री खिलाई। समाज के सभी सदस्यों ने गोशाला की सभी गायों की विशेष साज सज्जा करते हुए उनका श्रृंगार किया एवं गोवर्धन पूजा की गई। इस अवसर पर मुनि दुर्लभ सागर महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा से संपूर्ण भारत में हजारों गोशालाओं को संचालित किया जा रहा है।

शहर में दीपावली पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया, हुई लक्ष्मीपूजन, चले पटाखे

हुई भगवान गोवर्धन की पूजा अन्नकूट का दौर हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में दीपावली पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बाजार में लोगों ने जमकर खरीदी। वहीं लोगों ने अपनी दुकान एवं प्रतिष्ठिनों पर लक्ष्मी पूजा की और उपहार सहित मिठाई भी बांटी। शाम को लोगों ने अपने घरों पर लक्ष्मी पूजा की और जमकर आतिशबाजी चलाई। आपको बता दें कि पांच दिनी यह पर्व भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास खत्म होने के बाद अयोध्या में लौटने की खुशी में मनाया जाता है। इस अवसर पर शहर में पुलिस ने पूरी तरह मुस्तेद रही। जिससे कोई भी अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

बाजार में दीपावली पर्व के अवसर पर दुकानें लगी थी, जहां दीए, घरों को सजावट सहित कई दुकानें लगी थी, जहां से लोगों ने जमकर खरीदी की। लेकिन पिछली साल की अपेक्षा इस साल बाजार थोड़ा मंदा रहा । इसका कारण भारी बारिश के चलते किसानों की फसलें खराब हो गई थी, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र से लोग कम आए। बुधवार को भगवान गोवर्धन जी की पूजा घर घर बड़ी विधि विधान से हुई। लोगों ने गोबर से भगवान श्रीकृष्ण की सुदर् आकृति बनाकर उसकी पूजन की।

आपको बता दें कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र पूजा को रुकवा दिया था, जिससे इंद्र नाराज होकर जमकर बारिश ने थी, लेकिन श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर सभी ग्रामवासियों की रक्षा की थी। इसी मान्यता के चलते दीपावली पर्व के बाद गोवर्धन पूजा की जाती है। इसी के चलते शहर में अब अन्नकूट का दौर भी शुरू हो गया। आज शाम को पिपलेश्वर महादेव मंदिर रेलवे के पास होगा। 23 तारीख को बूढेबालाजी, 24 को श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर होगा।

सुरक्षित सामान्य प्रसव कराकर शिशु को दिया जन्मदान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय में कराया सुरक्षित प्रसव कराया गया। जिला चिकित्सालय गुना के प्रसूति वार्ड में 21 अक्टूबर को ज्योति पति जितेन्द्र तोमर, निवासी नानाखेड़ी का सफल सामान्य प्रसव कराया गया। प्रसव के दौरान बच्चे ने गर्भ में ही मेकोनियम स्टेनेड लिकायर छोड़ दिया था, जिसके कारण जन्म के बाद शिशु ने श्वास नहीं ली और उसकी धड़कन भी अत्यंत मंद थी। लेबर रूम में पूर्व से ही मौजूद एसएनसीयू की टीम ने तत्परता दिखाते हुए शिशु की स्वांस नली से लिकायर सक्शन द्वारा निकाला तथा कृत्रिम श्वास देकर शिशु को जीवनदान दिया। तत्पश्चात शिशु को एसएनसीयू में शिफ्ट कर दिया गया, जहाँ उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर गहन मॉनिटरिंग और उपचार दिया गया।लगातार निगरानी के बाद 24 घंटे में शिशु की स्थिति में सुधार आया, जिसके पश्चात ट्यूब फीड (नली द्वारा आहार) प्रारंभ किया गया। उपचार के बाद शिशु पूर्णतः स्वस्थ हो गया और उसे माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इस सफल प्रसव एवं शिशु की जान बचाने में डॉ सुनील दागी, डॉ. ईशा, इंचार्ज प्रीति तोमर, स्टाफ नर्स सरोज सकरे, सफाईकर्मी ललिता और लक्ष्मी, तथा लेबर रूम और एस एन सी यू की संपूर्ण टीम का सराहनीय योगदान रहा।



सिविल सर्जन डॉ. व्ही.एस. रघुवंशी एवं सहायक प्रबंधक डॉ. सूरज सिंह ने पूरी टीम की तत्परता, समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा व्यक्त की तथा कहा कि ऐसी टीमवर्क से ही जिला चिकित्सालय में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास सफल हो रहे हैं।

नगर पालिका परिषद ने केंट गोशाला में की गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बुधवार को नगर पालिका परिषद गुना द्वारा केंट गोशाला में गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया । जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, कलेक्टर किशोर कन्याल, अनुविभागीय अधिकारी शिवानी पांडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजुषा खत्री, तहसीलदार जीएस बैरवा, सहित सांसद प्रतिनिधि हरि सिंह यादव,वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता,कैंट मंडल अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नीरज निगम, पार्षद बबीता राजेश साहू, अनीता महेंद्र कुशवाह,गेंदालाल कुशवाह, शिवनारायण कुशवाह, शैलेश कुशवाह आदि के नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान पूरे वैदिक विधि विधान से गोवर्धन पूजा की गई एवं गो माता की पूजा कर उन्हें गो ग्रास खिलाया गया। इस अवसर पर गोशाला में सेवा करने वाले सेवादारों को भी सम्मानित किया गया नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता द्वारा भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, कलेक्टर किशोर कन्याल, एसडीम शिवानी पांडे को गोबर से बने शुभ लाभ के प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए गोशाला के सम्मान प्राप्त करने वालों में रमेश भील, आकाश वाल्मीकी, जगन्नाथ एवं अकरम खान को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका की ओर से कार्यालय अधीक्षक शिवराज सिंह सिकरवार विद्युत शाखा प्रभारी नरेंद्र नोनेरिया, उच्च श्रेणी लिपिक राजेश शर्मा, सुधीर श्रीवास्तव, बृजमोहन खरे, मोकम प्रजापति आदि के साथ अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उच्च जोखिम गर्भवती महिला को ब्लड ट्रांसफ्यूजन कर कराया गया सुरक्षित प्रसव

गुना । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिल्पा टांटिया द्वारा बताया गया कि ग्राम सुआटोर निवासी अंतर बाई पत्नी रमेश भिलाला उम्र 20 वर्ष जिनका प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत आयोजित कैंप में पता चला कि उनका हीमोग्लोबिन 6.4 ग्राम है एवं 9 माह की प्रेगनेंसी है। उन्होंने तत्काल संबंधित स्टाफ को संबंधित महिला को जिला चिकित्सालय में ब्लड ट्रांसफ्यूजन कराने के निर्देश दिए। तब स्टाफ द्वारा संबंधित महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। भर्ती होने के उपरांत स्वयं अपनी मर्जी से बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन के घर चली गई तद्उपरांत जिला चिकित्सालय स्टाफ द्वारा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को सूचित किया गया तथा पुनः स्टाफ की मदद से उक्त गर्भवती महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराकर रक्ताधान कराया गया। तद्उपरांत उसका सुरक्षित प्रसव जिला चिकित्सालय में कराया गया जहां उसने सामान्य बच्चे को जन्म दिया अब जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

बीनागंज में भीषण सड़क हादसाः बाइक सवार दंपती की मौके पर दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत मंगलवार दोपहर एक भीषण सडक़ हादसे में बाइक सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब पति-पत्नी अपने गांव से बीनागंज किसी काम से जा रहे थे और रास्ते में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोटरा गांव निवासी ग्यारसी माली अपनी पत्नी बसंती बाई के साथ मंगलवार दोपहर करीब चार बजे बीनागंज की ओर जा रहे थे। जब वे किरवाड़ा गांव के पास नेशनल हाईवे क्रमांक 46 पर पहुंचे, तभी हाईवे कट पार करते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दंपति सडक़ पर गिर पड़े और घटनास्थल पर ही उनकी सांसें थम गईं।घटना के बाद हाईवे से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही देर में बीनागंज पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए रखवा दिया गया है। वहीं पुलिस के अनुसार हादसे में शामिल कार गुजरात से उत्तरप्रदेश जा रही थी। कार में सवार परिवार ने हादसे के बाद वाहन को घटनास्थल पर ही छोड़ दिया और खुद किसी अन्य वाहन से बीनागंज पुलिस चौकी पहुंचकर पूरी जानकारी दी। पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।बीनागंज चौकी प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और कार चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दर्दनाक हादसे से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है

कर्तव्य पथ पर शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में गुना पुलिस लाइन में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि समारोह

पुलिस स्मृति दिवस पर वीर शहीदों के अदम्य साहस व बलिदान को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख की पहाड़ियों पर चीनी सैनिकों के कपटपूर्ण हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सी.आर.पी.एफ.) के 10 वीर जवान शहीद हुए थे । इन अमर शहीदों की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को 'पुलिस स्मृति दिवस' के रूप में पूरे देश में श्रद्धा एवं गौरव के साथ मनाया जाता है । इसी क्रम में 21 अक्टूबर को गुना जिले में पुलिस अधीक्षक शअंकित सोनी के दिशा-निर्देशन में लाल परेड मैदान स्थित शहीद स्मारक परिसर में पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 09 बजे हुआ, जिसमें जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक, न्यायिक एवं पुलिस अधिकारीगण सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के

दौरान पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा वर्ष 2024-25 के दौरान देशभर में कर्तव्य निर्वहन करते हुए शहीद हुए कुल 191 अमर जवानों के नामों का वाचन किया गया । इन शहीदों में मध्यप्रदेश पुलिस के 11 वीर सपूतों 1-निरीक्षक संजय पाटक, 2-निरीक्षक रमेश कुमार धुर्वे, 3-सउनि रामचरण गौतम, 4-सउनि महेश कुमार कोरी, 5-प्रधान आरक्षक संतोष कुशवाह, 6-प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग, 7-प्रधान आरक्षक अभिषेक शिंदे, 8-प्रधान आरक्षक गोविंद पटेल, 9-आरक्षक अनुज सिंह, 10-आरक्षक सुंदर सिंह बघेल एवं 11-आरक्षक अनिल यादव शामिल हैं । शहीदों के नामों के वाचन उपरांत सूची को शहीद स्मारक पर रखकर शोक परेड व सलामी के साथ उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए । उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि व्यक्त की ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से माननीय विधायक गुना पन्नालाल शाक्य, अपर सत्र न्यायाधीश आर.के. रघुवंशी, गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, सैनानी एसएएफ विकास पाटक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मान सिंह ठाकुर, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, डीएसपी मुख्यालय जमील उद्दीन सिद्दीकी, होमगार्ड कमांडेंट शआर.के. पथरौल, रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय सहित पुलिस विभाग एवं अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे । साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई ।

सीतलपुर गांव में कुएं में मिला अधेड़ का शव हाथ-पैर बंधे मिलने से हत्या की आशंका

पुलिस के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, महिलाओं ने की हाथापाई

गुना ।जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सीतलपुर में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक अधेड़ व्यक्ति का शव गांव के कुएं में तैरता हुआ मिला। मृतक की पहचान नारायण सिंह पिता मांगीलाल खंगार निवासी सीतलपुर के रूप में हुई है। शव के हाथ-पैर बंधे हुए मिलने से ग्रामीणों में हत्या की आशंका गहराने लगी है। घटना की सूचना सुबह ही पुलिस को दे दी गई थी, लेकिन पुलिस के मौके पर देर से पहुंचने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की जानकारी देने के बाद भी पुलिस एक घंटे से अधिक समय बाद पहुंची, जिससे पूरे गांव में आक्रोश फैल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वहीं कई महिलाओं ने पुलिसकर्मियों से हाथापाई करते हुए उन्हें मौके से खदेडने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों को समझाइश देने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

समाचार संक्षेप

सीआरपीएफ में चयनित एसआई अनुराग रघुवंशी को लोगों ने दी बधाईयां

आरोन। नगर के होनहार छात्र पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोक सिंह रघुवंशी के पुत्र अनुराग रघुबंशी कें केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में चयन होने पर शुभचिंतकों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है। अनुराग रघुवंशी जनपद आरोन के ग्राम माता मुडरा के रहने बाले साधारण परिबार से सम्बंध रखते है। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा आरोन में रहकर की एवं ग्रेजुएशन करने बाद उन्होंने प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी की एवं अपनी लगन योग्यता से अपने पहले ही प्रयास मे सीआरपीएफ की परीक्षा में सफल होकर एस आई के पद पर चयनित हुए अनुराग ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता परिवार बालो के साथ साथ मार्गदर्शन करने बाले गुरुजनो का दिया है। अनुराग की इस सफलता पर उन्हें उनके ईष्ट मित्र शुभचिंतकों ने बधाई दी बधाई देने बालों मे मेहरबान सिंह धाकड़ पंडित रामबाबु शर्मा गोपाल सोनी मिंटुलाल बाखर देशराज कलेशिया रामलला यादव बृज्र मोहन पाषर्द शक्ति शर्मा राजीव रघुवंशी योगेश शर्मा शिवकुमार उपरिंग डा नीलेश अरविंद साहु खुरम खां जीतु शर्मा अजय दुबे लखन रघुवंशी पत्रकार सहित शामिल हैं।

राघोजी गौशाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम

राघौगढ़। बुधवार को नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर में गोवर्धन पर्व के अवसर पर राघोजी गौ शाला में गोवर्धन पूजन कार्यक्रम रखा गया है। जिस में गोवर्धन पूजन उपरांत गौ माता की पूजन कर घास एवं गुड़ खिलाया गयाइस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव, जनप्रतिनिधि,गौ सेवक एवं नगर पालिका स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

आरोन में अवैध पटाखा दुकान संचालन पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

आरोन। जिले के आरोन थाना पुलिस द्वारा आरोन कस्बे में अवैध पटाखा दुकान संचालन की सूचना पर सख्त कार्यवाही करते हुए दुकान संचालक के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अवैध आतिशबाजी जप्त की गई है । बीती शाम जिले के आरोन थाना पुलिस को आरोन के दास हनुमान मंदिर के पास शासकीय सोसायटी परिसर में एक व्यक्ति के बिना किसी लायसेंस के आतिशबाजी की दुकान लगाकर बिक्रय किये जाने की सूचना प्रापत हुई थी । इस सूचना के मिलते ही आरोन थाने से पुलिस की एक टीम तत्काल सोसायटी परिसर में उक्त दुकान पर पहुंची, दुकान पर मिले व्यक्ति ने अपना नाम सलीम खांन पुत्र हवीब खांन उम्र 50 साल निवासी मेहमूदगंज आरोन का होना बताया एवं जिससे पटाखा दुकान लगाकर आतिशबाजी बिक्रय किये जाने का लायसेंस मांगे जाने पर उसके पास कोई लायसेंस नहीं पाया गया एवं जो बिना किसी लायसेंस के ही पटाखों की दुकान लगाकर आतिशबाजी बेचता पाया गया।

शाही पालकी में तैयारियों को लेकर बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

30 अक्टूबर को निकलेंगे खाटू नरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री श्याम परिवार गुना के तत्वावधान में शाही पालकी महोत्सव बड़ी ही धूम-धाम से मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में शओमप्रकाश माहेश्वरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गईं जिसमें एक सेकड़ा से अधिक श्याम प्रेमी उपस्थित रहे। शाही पालकी महोत्सव के संयोजक राजेश अग्रवाल ने बताया कि बैठक में और बेहतर प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गईं । यात्रा मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था श्री राजपूत करणों सेना द्वारा ली गई जबकि प्रसादी वितरण व्यवस्था अग्रवाल नवयुवक दल, अग्रोहा युवा ग्रुप, जूनियर युवा ग्रुप द्वारा निभाई जाएगी ।बैठक में उपस्थित श्याम प्रेमियों द्वारा कई सुझाव दिए गए एवं सभी कारगर सुझाव सर्व सम्मति से पारित किये गये ।शाही पालकी होटल सम्राट हनुमान चौराहे से दोपहर 1.30 बजे प्रारंभ होकर हाटरोड , सदर बाज़ार , लक्ष्मीगंज , गुरुद्वारा , जय स्तंभ चौराहा होते हुए रात्रि 8.30 बजे तक पवनश्री गार्डन पर विराम लेगी , जहाँ बाबा श्री श्याम की महाआरती संपन्न होगी । महाप्रसादी पेक थाली वितरण ठीक रात्रि 8.15 बजे प्रारंभ किया जाएगा । शाही पालकी 2025 चुनरी थीम रहेगी , सभी को आवश्यक रूप से पधारना हे लेकिन यदि निर्धारित गणवेश पुरुष वर्ग श्वेत कुरता पायजामा एवं महिलायें राजस्थानी परिवेश (चुनरी, लहरिया , बाँधनी , पटोला इत्यादि प्रिन्ट अथवा लहंगा चुनरी) में शामिल हों तो अति उत्तम होगा । सभी महिला पुरुषों के मेहंदी रचे हाथ हों ।बाबा श्याम के जन्मोत्सव समारोह को धूमधाम से मनाने हेतु सभी सनातनी घरों एवं संस्थानों पर दीपावली की विधुत साज सज्जा (लाईट्स) आगामी एकादशी तक यथावत रखें । यात्रा मार्ग में जिनके घर , संस्थान हों वो कम से कम एक हेलोजन अवश्य लगायें ताकि शाही पालकी यात्रा मार्ग जगमगाता रहे । श्याम नाम के पट्टे शाही पालकी यात्रा मार्ग में एवं होटल सम्राट पर सशुल्क रु.50/- में उपलब्ध रहेंगे ।लेकिन मात्रा सीमित होने से पहले आयें पहले पायें । शाही पालकी यात्रा मार्ग में अपने घरों एवं संस्थानों के सामने रांगोली सजायें , पुष्प वर्षा करें , इत्रवर्षा कर बाबा को रिझायें ।९. शाही पालकी में बाबा के शीश का स्पर्श निषेध रहेगा। शाही पालकी में सवार बाबा को इत्र रूई में भिगोकर पालकी में अर्पित करें छिड़के नहीं , जिससे बाबा का श्रंगार यथावत रहे ।शाही पालकी यात्रा में सदैव की भांति गुलाल पूर्णतः प्रतिबंधित , परन्तु आतिशबाजी जम कर करें।. शाही पालकी विश्राम हेतु *मज़बूत स्वच्छ टेबल (दो टेन्ट हाउस टेबल) एवं निर्धारित कम से कम पाँच किलो गुलाब पंखुड़ियाँ आवश्यक हैं एवं टेबल चारों और फूल के कंठे से कवर करने हेतु 355 का कन्ठा भी लगाने की कृपा करें । शाही पालकी विश्राम का समय अधिकत्तम २ मिनिट रहेगा जिससे पवनश्री गार्डन समय से पहुंचा जा सके।

यदि आरती करने बाले सदस्य अधिक हें तो आरती थाली की संख्या बड़ाकर 5 अथवा 11 करें ताकि सबको मौका भी मिले और विलंब भी ना हो ।बाबा श्री श्याम के अद्भुत स्वरूप को निहारें , पूरी आरती गाने का प्रयास ना करें ।. स्वागत द्वार की सहयोग राशि पूर्व की भांति रु. 2100/- निर्धारित की गई हे, साथ ही दो कूपन अन्नकूट महाप्रसादी के निशुल्क उपलब्ध कराये जायेंगे ।

युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 29 अक्टूबर को आईटीआई राघौगढ़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशन एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के समन्वय व सफल आयोजन के लिए कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा जारी आदेशानुसार सम्बंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं! इसी क्रम में जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर दिनांक 29 अक्टूबर 2025 शासकीय आईटीआई राघौगढ़ जिला गुना में प्रातः 11:00 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। इसमें प्रदेश की निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनिया शामिल होंगी। जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जावेगा। ऐसे बेरोजगार जिनकी योग्यता 8वी /10वीं/12 वीं / स्नातक एवं आईटीआई हैं और 18 से 35 वर्ष की आयु वर्ग के भाग ले सकते है।

युवा संगम में आकांक्षी युवा को रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए एक ही मंच पर किया जाता हैं लाभान्वित युवा संगम में संबंधित विभागो द्वारा अलग अलग स्वरोजगार/ हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा, साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है उनके हितग्राहियों को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा।

युवा संगम में शासन आदेशानुसार युवक-युवतियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, नशामुक्ति और वित्तीय साक्षरता की जानकारी देने की व्यवस्था की जाती हैं साथ कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना सहित स्टार्टअप 2025 की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई जावेगी। युवा संगम कार्यक्रम में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। निजी क्षेत्र की कोई भी कंपनियां यदि चयन के दौरान आवेदकों से पैसे मांगती है, तो तत्काल रोजगार कार्यालय को अवगत कराएं।

गोकुलधाम गौशाला में गोवर्धन पूजा की, गौसेवकों हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज अंतर्गत स्थित गोकुलधाम गौशाला में इस वर्ष गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और गौसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि अनिरुद्ध मीणा पेची, मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह मीणा, एसडीएम रवि मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता प्रदीप नाटाणी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रबल प्रताप सिंह निक्की, नगर परिषद उपाध्यक्ष रश्मि कल्लू शर्मा, पार्षदगण सुनील सैनी, राजेश्वरी जादौन, गैंदी बाई पटलन, समाजसेवी मनीष यादव, सुधांशु राजावत सहित बड़ी संख्या में नगर के प्रबुद्ध नागरिक, गौसेवक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।इस अवसर पर नगर परिषद द्वारा गौसेवा में सक्रिय योगदान देने वाले शिक्षक श्री लक्ष्मीकांत वर्मा एवं शअंशुमन सोनी का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया।पूजा-पाठ, गोवर्धन पर्व की परिक्रमा एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

स्वदेशी को बढ़ावा देने का संदेश, सर्व मीना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीना ने बीनागंज में की स्वदेशी खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭बीनागंज

देश का पैसा देश में रहे, इस संदेश को सार्थक रूप देते हुए सर्व मीना समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीना ने रविवार को बीनागंज बाजार में जाकर स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की खरीदारी की। उन्होंने झंडा चौक पर स्थित एक हाथ ठेले वाले व्यापारी से हाथ से बने मिट्टी के दीपक, दीये, सजावटी सामग्री और अन्य स्वदेशी उत्पाद खरीदे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें भी स्वदेशी वस्तुएं अपनाने के लिए प्रेरित किया।जगदीश मीना ने कहा कि आज देश में अनेक कारीगर, छोटे व्यापारी और ग्रामीण महिलाएं परंपरागत रूप से मिट्टी, कपड़ा, बांस, लकड़ी और अन्य प्राकृतिक साधनों से सुंदर वस्तुएं बनाती हैं। अगर हम दीपावली जैसे त्यौहारों पर इन्हीं स्थानीय निर्मित वस्तुओं की खरीदारी करें, तो न केवल हमारे त्योहार की रौनक बढ़ेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देना, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हमारा छोटा लेकिन महत्वपूर्ण योगदान है।उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली के अवसर पर बाजार में उपलब्ध स्थानीय उत्पादों को ही खरीदें, ताकि छोटे व्यापारियों और कारीगरों की मेहनत को उचित सम्मान और आय मिल सके।इस दौरान उनके साथ समाज के कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे आने वाले त्योहारों और दैनिक जीवन में भी 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को आगे बढ़ाएंगे और देश में निर्मित वस्तुओं को ही प्राथमिकता देंगे।जगदीश मीना के इस कदम की स्थानीय व्यापारियों और समाजजनों ने सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयासों से स्वदेशी भावना को नई ऊर्जा और पहचान मिलेगी।

जिले में सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा खाद का वितरण

अशोकनगर।जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जिला अशोकनगर से संबद्ध 62 प्राथमिक सहकारी समितियों के कुल लगभग 10 हजार ड्यू सदस्य कृषकों को समितियों के माध्यम से डीएपी,एनपीके एवं यूरिया खाद का वितरण किया जा चुका है। इसी क्रम में बैंक द्वारा जिले के कृषकों को आवश्यक खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध होने से उनकी कृषि कार्य में किसी प्रकार की बाधा न हो। बैंक के अशोकनगर जिले अंतर्गत कुल लगभग 12 हजार ओवरड्यू सदस्य हैं। बैंक द्वारा इन कालातीत ऋणधारी सदस्यों से निरंतर अपील की जा रही है कि वे शीघ्र अपने बकाया ऋण का भुगतान कर नवीन ऋण सुविधा का लाभ प्राप्त करें। बैंक का उद्देश्य है कि जिले के अधिकतम कृषक समय पर ऋण चुकाकर पुनः सशक्त रूप से कृषि उत्पादन में योगदान दे सकें।

इसके साथ ही, जो कृषक अब तक हमारी समितियों से नहीं जुड़े हैं, उन्हें नवीन सदस्यता प्रदान कर सदस्य बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिससे उन्हें उनकी निकटस्थ समिति से ही खाद एवं अन्य सहकारी सुविधाएं सुगमता से प्राप्त हो सकें। यह पहल सहकारिता के विस्तार तथा कृषक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैंक की 15 शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जैसे- आवास ऋण, वाहन ऋण, गोल्ड ऋण, एग्रीकल्चर टर्म ऋण आदि उक्त सभी ऋण की जानकारी के लिए जिला सहकारी बैंक की शाखायो से संपर्क कर लाभ प्राप्त कर सकते है।

बैंक की 15 शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को अन्य बैंकों की तुलना में अधिक ब्याज दर पर अमानत संग्रहण की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह ग्राहकों के लिए एक अत्यंत आकर्षक अवसर है, जिससे उन्हें अपनी जमा राशि पर बेहतर रिटर्न प्राप्त होता है। विशेष रूप से फिक्स्ड डिपॉजिट एवं रिकरिंग डिपॉजिट जैसे दीर्घकालीन निवेशकों के लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। उच्च ब्याज दर वाली योजनाएं ग्राहकों को अपनी मौजूदा अमानतें अन्य बैंकों से स्थानांतरित करने के लिए भी प्रेरित कर रही हैं। इस पहल से न केवल ग्राहक आर्थिक रूप से लाभान्वित हो रहे हैं, बल्कि बैंक को भी अधिक अमानतें प्राप्त हो रही हैं, जिससे बैंक की पूंजी आधार को मजबूती मिल रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित गुना कृषकों, ग्राहकों एवं सहकारी संस्थाओं के हित में निरंतर कार्यरत है।

कलेक्टर ने जिला रेडक्रास सोसायटी कार्यालय का किया शुभारंभ

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में भारतीय रेडक्रास सोसायटी की जिला शाखा अशोकनगर के कार्यालय का किया शुभारंभ किया। शुभारंभ अवसर पर इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अशोकनगर जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सेवा के कार्य को गति दी जाएगी समाज के लिए जो भी रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा अच्छे से अच्छा करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कार्यालय के माध्यम से समाज के क्षेत्र में कार्य करने में हमें गति प्रदान होगी सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रहेगा। इस अवसर पर जिला रेडक्रास सोसयटी चेयरमेन दीपक मिश्रा, पूर्व चैयरमेन हरबंस जुनेजा, वॉइस चैयरमेन हरवीर रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि संजय रघुवंशी, प्रेम सडाना, राजकुमार शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद सिंह राजावत, बालचंद नरवरिया, हरिओम शर्मा, उपेंद्र पाराशर, आचार्य जगदीश शर्मा सहित सदस्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन आदेश जारी

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह के आदेशानुसार प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के मध्य अस्थाई रूप से कार्य विभाजन आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार प्रभारी डिप्टी कलेक्टर शुभता त्रिपाठी को राजस्व को अशोकनगर का एसडीएम बनाया गया है। वर्तमान में वह चंदेरी में एसडीएम का कार्य देख रहीं थी। अशोकनगर के एसडीएम ब्रजबिहारी श्रीवास्तव को कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ किया गया है। जबकि मनीष धनगर डिप्टी कलेक्टर को चंदेरी का एसडीएम बनाया गया है। जबकि मुंगावली के एसडीएम इसरार खान हीं रहेगें।

सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना व नीलामी कार्य के लिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

समस्त व्यापारी बंधुओं, तुलावटों तथा कृषक बंधुओं को अवगत कराया गया है कि 24 अक्टूबर से सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कृषि उपज सोयाबीन के विक्रय पर भावांतर भुगतान की राशि संबंधित कृषकों के भावांतर पंजीकृत बैंक खातों में ऑनलाइन जमा की जाएगी। ग्रेन मर्चेन्ट एसोशियसन के सचिव राजेश पालीवाल ने उक्ता योजना को लेकर अवगत कराया है।

तुलावट एवं व्यापारी हेतु निर्देश

1. तौल की प्रविष्टि (एंट्री) केवल तुलावट द्वारा ही की जाएगी।
यदि कोई व्यापारी स्वयं एंट्री करता है, तो संबंधित सचिव पर कार्यवाही की जाएगी।
2. सभी एंट्रियां सोयाबीन में रियल टाइम में की जाएंगी, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।
3. सोयाबीन की एंट्री उसी दिवस की जानी आवश्यक है। यदि किसी कारणवश एंट्री नहीं हो पाती है, तो इसकी सूचना अनिवार्य रूप से कार्यालय को दी जाए।
4. तौल एंट्री एवं भाव के आधार पर ही मॉडल रेट की गणना होगी, अतः जानकारी समान दिवस में ही दर्ज की जाए।
5. सभी मंडियां इन निर्देशों का पालन करें कृ किसी भी प्रकार की लापरवाही आपके विरुद्ध कार्यवाही का कारण बनेगी।
6. सभी व्यापारी अपना सोयाबीन का स्टॉक मंडी के ऑनलाइन स्टॉक से मिलाकर ही रखें । इस योजना के चलते अधिकारी कभी भी आपके यहां स्टॉक चेक करने आ सकते हैं ।

कृषक बंधुओं हेतु निर्देश

भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन विक्रय करने वाले समस्त किसान बंधुओं से अनुरोध है कि विक्रय के समय निम्न दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा।

1. सोयाबीन भावांतर भुगतान पंजीयन की छायाप्रति।
2. कृषक / नॉमिनी के आधार कार्ड की छायाप्रति।
3. वाहन क्रमांक वाहन पर स्पष्ट अंकित होना आवश्यक है।
(यदि वाहन पर क्रमांक अंकित नहीं है, तो आर.सी. बुक की छायाप्रति साथ लाएं।)

नीलामी संबंधी सूचना

24 अक्टूबर से सोयाबीन की नीलामी नई मंडी में आयोजित की जाएगी। वहीं चना, सरसों, बटरी, तिवड़ा एवं उड़द की नीलामी पुरानी मंडी में पूर्ववत होगी। दिसंबर माह से संबंधित नीलामी व्यवस्था के विषय में पृथक से सूचना दी जाएगी। सभी व्यापारी, तुलावट एवं कृषक बंधु उपर्युक्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए योजना के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करें, आपका सहयोग अपेक्षित है।

घर-घर सजे गोबर के गोवर्धन, अन्नकूट का भी किया गया आयोजन

शहर में श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई गोवर्धन पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

दीपावली पर्व की रोशनी और उल्लास के बाद बुधवार को नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के घरों, गलियों और मंदिरों में धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाओं ने प्रातःकाल गोबर से सुंदर गोवर्धन पर्वत बनाए और पूजा-अर्चना की। शहर के स्टेशन रोड, पुराना बाजार, ग्वाल मोहल्ला, बस स्टैंड सहित कई इलाकों में लोगों ने पारंपरिक तरीके से भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। घर-घर में गोबर से बने गोवर्धन पर्वत और पशुओं की प्रतिमाएं सजाई गईं। बच्चों ने भी इस धार्मिक उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लिया और दीयों से सजावट की। पूजा के दौरान भक्तों ने "गोवर्धन महाराज की जय", "श्रीकृष्ण गोवर्धन की जय" के जयघोष लगाए। इसके बाद अन्नकूट का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन भगवान को भोग स्वरूप अर्पित किए गए। कई स्थानों पर भक्तों को अन्नकूट प्रसादी का वितरण भी किया गया गौशालाओं में भी इस अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन हुआ। गौमाता की पूजा कर गो सेवकों का सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं ने गाय के चरणों में पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। गोवर्धन पूजा के इस पारंपरिक पर्व ने नगर में भक्ति, एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि यह पर्व हमें प्रकृति और पशुधन के प्रति सम्मान का भाव सिखाता है। नगर में दिनभर धार्मिक संगीत, आरती और दीयों की रौशनी से आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

गोवर्धन पूजा का आयोजन हुआ

राजपुर में गायों की पूजा अर्चना कर छप्पन भोग लगाएं गए। यह कार्यक्रम डॉ. दुवे के छोटे भाई सत्यनारायण शर्मा के मकान पर रखा गया। जिसमें गोवर्धन वना कर छप्पन व्यंजन का भोग लगा कर पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई। इसके बाद परिक्रमा दी गई।

पिपरई नगर परिषद के ग्राम बेलई में गौशाला पर भगवान गोवर्धन की पूजा अर्चना का आयोजन हुआ। गौशाला पर भगवान गोवर्धन की पूजा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राव बृजेंद्र सिंह यादव तहसीलदार अनीश धाकड़ नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा सांसद प्रतिनिधि लखन कटारिया विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष कप्तान सिंह यादव एवं पार्षद और समस्त ग्रामवासी पंडित अरविंद भार्गव के द्वारा मंत्र पडकर भगवान गोवर्धन जी की पूजा आतिशबाजी चला कर और आरती की। गौशाला पर गाय माता की गुड खिलाकर आरती कर पूजा की और भगवान गोवर्धन की परिक्रमा सभी जनों ने लगाई गौशाला संचालक के के श्रीवास्तव के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक बृजेंद्र सिंह यादव और तहसीलदार अनीश धाकड़ का तिलक एवं श्रीफल शाल देकर सम्मान किया।

खबर संक्षेप

फांसी लगाकर खुदकुशी करने के दो मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में फांसी लगाने की दो घटनाएं सामने आई हैं। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ग्राम पारसौल निवासी 23 वर्षीय नवविवाहिता वंदना पत्नी सोनू यादव ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद परिवार जन उसे अशोकनगर लेकर आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मायके वालों के दहेज प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दूसरी घटना जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी बालचंन्द्र अहिरवार उम्र 58 साल ने अपने घर के सामने कुटिया में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अशोकनगर। जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम फतेहावाद निवासी सेवकराम पुत्र लालाराम कुशवाह उम्र 32 साल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार वेहोसीं के हालत में उसे अस्तपाल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

जुए के 2 अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले में दो स्थानों पर पुलिस ने जुएं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले की देहात थाने की पुलिस ने शंकर कॉलोनी में तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए विक्की कौरी, सुमन अहिरवार, हरिओम अहिरवार, प्रमोद अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1800 रूपए और तास की गडडी जप्त की है। इसी प्रकार देहात पुलिस ने ही शंकर कॉलोनी में तास के पत्तों से जुआं खेलते हुए अभिषेक, मोहरसिंह और दिलीप अहिरवार को गिरफ्तार किया है।

ट्रेन से 60 वर्षीय ग्रामीण की कटने से मौत

अशोकनगर। स्थानीय माता मंदिर के समीप पुलिस ने रेल पटरियों से एक ग्रामीण का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान ग्राम देवखेड़ी निवासी सिरनाम पुत्र बादल सिंह धाकड़ उम्र 62 साल के रूप में की गई है। बताया गया है कि मृतक अपने घर से वृन्दावन जाने की कहकर निकला था। लेकिन वह रेल पटरियों पर कैसे पहुंचा यह पता नहीं है। ट्रेन में उसके दोनो पैर कटकर अलग हो गए सिर में भी चैंटे आईं हैं।

सहायता राशि स्वीकृत

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह के आदेशानुसार शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक अशोकनगर द्वारा मुख्यमंत्री कृषक कल्याण योजना के अंतर्गत 03 वैद्य वारिस को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। राजेश्वरी पत्नि स्व. रामकृष्ण निवासी ग्राम बरखेडा तहसील पिपरई,जमुना पत्नि स्व. हरिओम निवासी ग्राम लालपुर तहसील अशोकनगर तथा कृष्णाबाई पत्नि स्व. हनुमंत सिंह को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पटाखों से शहर गूंजता रहा, गोवर्धन पूजा का भी हुआ आयोजन

दीपावली पर शहर रोशनी से सराबोर संस्थानों में शुभ मुहुर्त में हुई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े दीपावली पर्व पर उत्साह और उमंग देखी गई। शहर में परिवारजन दीपावली पर्व को देखने के लिए निकले। घर-घर द्वार द्वार रंगोलियां बनाई गईं। शहर दीपमालाओं और बिजली की रोशनी से रोशन हो उठा। शुभ मुहुर्त में संस्थानों और घरों में धन की देवी मां लक्ष्मी और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। जब गोवर्धन पूजा का दिन आया तो घरो के बाहर गोबर से दोजी बनाई गई और गायों की पूजा की गई।

सुख समृद्धि और सम्पन्नता के इस पर्व पर शहर में व्यापक उत्साह देखा गया। दीपावली का पर्व इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यह पूरे परिवार में खुशियों का संदेश लेकर आता है। जितने भी परिवार के सदस्य घरों से बाहर होते हैं। वह अपने घर वापिस लौट आते हैं। यही कारण है कि यहां की ट्रेनों में दीपावली पर्व पर आने जाने वालों की भीड़ देखी गई। घर परिवार के लोगों ने मिलकर दीपावली का पर्व मनाया। 20 अक्टूबर को दोपहर के बाद से देर रात तक दीपावली का त्यौहार मनता रहा। अनेक लोगों ने शुभ मुहुर्त में देवी मां की पूजा अर्चना की। इस दौरान संस्थानों से लेकर लोगों के घरों तक पूजा अर्चना के आयोजन होते देखे गए। जैसे ही पूजा अर्चना के आयोजन हुए वैसे ही पूजा स्थलों के बाहर लोगों ने आतिशवाजी चलाई अनेक लोगों को अपने घरों के बाहर फूल बरसाने वाले पटाखों को देखा गया।

दीपावली के इस त्यौहार पर शहर में छोटे से छोटे और बड़े से बड़े घरो पर बिजली की सजावट देखी गई। झिलमिलाते बल्बों की रोशनी से शहर रोशन नजर आया। यह बिजली की झालरें लोगों ने अधिक पसंद कीं इन झालरों के दाम कम होने के कारण लोगों का रूझान अधिक देखा गया। अनेक लोगों के घरों के बाहर मिटटी से बने दीपकों की दीपमालाएं भी नजर आईं। घर-घर द्वार द्वार रंगोलियां बनाई गईं। लोगों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों के साथ मिलकर दीपावली का पर्व मनाया। जिले के प्रथम श्रेणी के अधिकारियों और राजनेताओं के यहां भी दीपावली का पर्व मनते हुए देखा गया। अनेक लोग इनके निवास पर पहुंचे और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

महिलाओं ने गोवर्धन की पूजा

वुधवार को गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया यह पर्व जब भगवान श्री कृष्ण ने ब्रजवासियों को मूसलाधार वर्षा से बचाने के लिए 7 दिन तक गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर रखा था और ब्रजवासी उस पर्वत के नीचे रहे थे। तब से ही गोवर्धन पूजा की जाती है। इसे अन्नकूट उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अनेक लोगों के गायों की पूजा की उनका श्रंगार किया। और घरों के बाहर गोबर की दोजी बनाकर गोवर्धन पूजा की गई। जिस तरह देवी लक्ष्मी को सुख समृद्धि का प्रतीक माना गया है उसी प्रकार गौ माता को भी पवित्र और पूज्यनीय माना जाता है और गोवर्धन की पूजा की जाती है। शहर में अनेक स्थानों पर पूरे दिन गोवर्धन की पूजा होती रही।

परिवार जनों ने सामूहिक रूप से गोवर्धन की पूजा

कार्तिक माह शुक्ल पक्ष दीपावली के दूसरे दिन गोबर्धन पूजा की जाती है प्रकृति ये पूजा सर्व प्रथम भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज (मथुरा) से इस पूजा की शुरुआत की थी परन्तु आज पूरे देश भर में गोबर्धन पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाने लगी है। इस दिन घर शहर में घर घर हुई गोवर्धन पूजा हुई। कार्तिक माह शुक्ल पक्ष दीपावली के दूसरे दिन गोबर्धन पूजा की जाती है प्रकृति ये पूजा सर्व प्रथम भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज (मथुरा) से इस पूजा की शुरुआत की थी परन्तु आज पूरे देश भर में गोबर्धन पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जाने लगी है इस दिन घर की एक ही रसोई से प्रत्येक सदस्यों का भोजन तैयार होता है गोवर्धन पूजा में 36 प्रकार के व्यंजन का भोग लगाया जाता है भगवान गोवर्धन की प्रतिकृति गाय के गोबर से बनाई जाती है।

जैन समाज ने दीपावली पर मंदिरों में लाडु चढ़ाए

जैन समाज ने 21 अक्टूबर को दीपावली का पर्व मनाया। उदया तिथि के अनुसार तथा जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष कल्याणक दिवस को लेकर शहर के जैन मंदिरो में जैन श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजा अर्चना की और लाडु समर्पित किए। यहां पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दीपावली का पर्व मनाया गया। मंदिरों में पूजा अर्चना के बाद जैन समाज ने अपने घरों के साथ प्रतिष्ठानों पर पूजा अर्चना की और शाम 5 बजे तक यह दीपावली का पर्व मनता रहा।

शनि मंदिर पर अन्नकूट वितरण का आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पछाड़ी खेड़ा रोड स्थित शहर के शनि मंदिर पर अन्नकूट के अवसर पर भगवान को छप्पन भोग लगाकर अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू एवं मंदिर के पुजारी कैलाश जोशी ने प्रसादी वितरण की।

जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि द्वापर युग से यह परंपरा चली आ रही है जो भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का मान मर्दन करने के लिए गोवर्धन के रूप में प्रकट होकर सभी बृजवासियों के द्वारा छप्पन भोग को स्वीकार कर उनके लिए आशीर्वाद दिया एवं प्राण रक्षक बन गए थे। तब से बृजवासी हर वर्ष भगवान गोवर्धन को अन्न कूट त्यौहार मना कर छप्पन भोग अर्पित करते हैं और भगवान प्रेम से उसको स्वीकार करते हैं। यह परंपरा पूरे भारतवर्ष में हर प्रदेश में मनाई जाती है भगवान गोवर्धन को भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया जाता है और अनेक जगह पर खीर पूरी पकवान आदि का प्रसाद का वितरण किया जाता है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इस प्रसाद को ग्रहण करने के लिए लंबी लाइन लगते हैं और प्रतीक्षा करते हैं। आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने से व्यक्ति का अभिमान समाप्त होता है और भगवान गोवर्धन एवं श्री कृष्ण की याद आती है। आज भी घर-घर जो लोग गोवर्धन पहुंच कर परिक्रमा नहीं करते हैं अपने घरों में गोबर के गोवर्धन बनाकर आरती उतारने भोग लगाते है और परिक्रमा करते हैं। इस परंपरा से व्यक्ति के मन में भगवान के प्रति विश्वास रखता है और समस्त पापों का नाश होता है प्रसाद वितरण के अवसर पर शनि मंदिर के पुजारी कैलाश जोशी, पवन जोशी, संतोष जोशी, रामकिशन जोशी आदि ने प्रसादी वितरण की एवं भंडारे की व्यवस्था की।

धरती माता बचाओ अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह के आदेशानुसार धरती माता बचाओ अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर अध्यक्ष,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह अध्यक्ष,पुलिस अधीक्षक जिला सदस्य,उपायुक्त सहकारिता विभाग अशोकनगर सदस्य,उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधि सदस्य,वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र जिला अशोकनगर सदस्य,उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला अशोकनगर संयोजक रहेगें। साथ ही समिति किसी विशेष व्यतक्तिः या व्यक्ति समूह को उर्वरकों की अत्यधिक बिक्री, उर्वरकों के किसी भी अवैध उपयोग के साथ-साथ नकली उर्वरकों के उत्पादन/वितरण पर नजर रखना, उसके कारणों का पता लगाना और गैर-कृषि उपयोग/सीमा पार तस्करी के लिए उर्वरकों के उपयोग की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी को सूचित कर सख्त कार्यवाही करेंगी। इस तरह उक्त अभियान के अंतर्गत उप खण्ड स्तरीय निगरानी समितियों का गठन भी किया गया है। जिनमें वहा के एसडीएम के साथ समिति के सदस्यों और कृषि विभाग के अधिकारियों को रखा गया है।

सुविधाओं का जायजा लिया, मरीजों से चर्चा की

जिला पंचायत सीईओ ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पंचायत सीईओ वुधवार को जिला अस्पताल अशोकनगर का निरीक्षण करने पहुंचे। प्रसूति केन्द्र के डाटा केन्द्र के कक्ष क्रमांक 18 का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी अलका त्रिवेदी एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ. रजनी छारी भी उपस्थित थीं।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ राजेश जैन ने कंप्यूटर ऑपरेटर से जानना चाहा कि जब प्रसूतिका गांव से आती हैं तो उनके साथ केंद्र पर शालीनता का व्यवहार करना चाहिए। ग्रामीणों को चर्चा में जो समझ में आए वह बात करें जिससे कि उनको भी समझ में आए कि आप क्या जानकारी चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने कंप्यूटर को खुलवाया और गांव की जानकारी देखी। इस दौरान उन्होंने एक प्रसूतिका के परिवार जनों से चर्चा की और चर्चा करने के बाद ऑपरेटर से कहा कि इस तरह से चर्चा की जाए कि उनकों आसानी से बात समझ में आ जाए कि हर मरीज को एवं प्रत्येक रोगी होशियार नहीं होता उन्हें सरल भाषा में समझाया जाता है और सरल भाषा में समझाने से आप जो जानकारी चाहते हैं वह जानकारी भी आपको मिल जाती है। संबंधित प्रसूतिका परिवार को भी आप जो चर्चा कर रहे हैं वह चर्चा समझ में आना चाहिए जब उनसे जिला अस्पताल की जांच के बारे में कहा तो वह चर्चा न कर अपने वाहन में बैठकर चले गए।

गोवर्धन पूजा के साथ मंदिरों में अन्नकूट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गोवर्धन पूजा के साथ ही अन्नकूट के आयोजन शहर में होते देखे गए मंदिरों पर भक्तों की कतार लगी रही। बारी बारी से भक्तों को कतार में खड़े होकर प्रसाद प्राप्त करते हुए देखा गया। शहर में अन्नकूट के यह आयोजन तारबाले बालाजी, सराफा बाजार हनुमान मंदिर, राजराजेश्वर मंदिर, ब्रम्हगोड़ मंदिर, के साथ अनेक स्थानों पर अन्नकूट के आयोजन हुए। तारवाले बालाजी मंदिर पर भगवान राधाकृष्ण के दरबार में छप्पन भोग का दरबार लगाया गया। पूजा अर्चना के बाद अन्नकूट लेने पहुंचे भक्त जनों को प्रसाद वितरित की गई। मंदिर के बाहर तक लम्बी कतारें देखी गईं। जिसमें महिलाओं और पुरूषों की अलग अलग कतार देखी गईं। बारी बारी से सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। यहां भक्तों की अधिक संख्या को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल का तैनात किया गया था।

गो शालाओं में पहुंचकर पशु चिकित्सा विभाग ने की गायों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गौ संवर्धन बोर्ड के निर्देश पर जिला पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले की सभी पशु गौशालाओं में गोवर्धन पूजन के अवसर पर गायों की पूजा की गई।

पहले पशु पालन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत नगेश्री की गौशाला पर गौ पूजन करने का कार्यक्रम था इसके बाद ग्राम पंचायत मोहरी में आयोजन होना था जहां पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मौजूद रहना था। जानकारी के बाद ग्रामीण दोनों गौशालाओं पर एकत्रित देखे गए जब मोहरी ग्राम पंचायत के सरपंच को जानकारी मिली कि पशुपालन विभाग के अधिकारी बड़े गांव की गौशाला पर पूजन करने चले गए ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने स्वशासन समूह की महिलाओं ने और सरपंच ने गोवर्धन पूजन के साथ गायों की पूजा की और सभी गायों को तिलक लगाया गया। मोहरी की गौशाला में क्षमता से अधिक 199 की सेवा की जा रही है 199 गायों को दमा पाटी बांधी गई। आहार का सेवन कराया गया। पशु चारे में गुड़ चना आदि मिलाकर पशुओं को खिलाया गया। इस दौरान गौशाला में गायों की सेवा करने वाले परिवार को उपहार प्रदान किए गए। फूल माला पहनाई गई सरपंच के साथ सचिव और रोजगार सहायक भी मौजूद थे। एक गाय के बीमार होने की सूचना मिलने पर पशुपालन विभाग के अधिकारियों को सूचित करने के बाद भी पशुपालन विभाग के अधिकारी गाय के उपचार के लिए दो से ढाई घंटा देरी से एंबुलेंस वाहन पहुंचा। इस एंबुलेंस के डॉक्टर ने बताया कि इस गौशाला में तीन गाय बीमार मिली जिनका उपचार किया गया।

मुनि सुधासागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा...

परेशानियां हमारे जीवन का संकट नहीं है व्यवस्थाएं हैं: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि परेशानियां हमारे जीवन का संकट नहीं है व्यवस्थायें हैं। सृष्टि की व्यवस्थाएं अहिंसा के साथ हिंसा से भी बनती है। व्यवस्था रात के साथ दिन से भी बनती है। राजा श्रेणिक का पाप इतना छोटा सा है कि यदि इसकी बुद्धि बदल जाये तो यह पाप कर्म से बच जायेगा।

उन्होंने कहा कि सृष्टि कहती हैं कि इसके लिए कोई मुनि राज पर उपसर्ग करें तो ऐसे पापी को सजा दे सकें। प्रकृति मां है वह जानती है कि ऐसे महान पुरुषो पर उपसर्ग कराती है कि उपसर्ग से उनका कुछ भी बिगड़ने बाला नहीं है। प्रकृति की व्यवस्था है तुम्हारे लिए एन आर आई बना दिया। तुम्हारे सामने ऐसी परिस्थितियां वन जायेगी कि प्रकृति ने अपराधियो को दंड देने की व्यवस्था बनाइर्। कभी लोभ के माध्यम से कभी अभावों के कारण आपको अपनी जन्म भूमि से दूर जाना पड़ा।

पंच कल्याणक महोत्सव के लिए बने सौधर्म कुबेर इन्द्र जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि आज परम पूज्य

निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के कुशल निर्देशन में होने जा रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव के पात्रों का चयन हो गया है। जिनका सम्मान हमारी कमेटी कर रही है। सौधर्म इन्द्र सुमत कुमार सुनील कुमार वर्धमान अखाई, कुबेर इन्द्र महेन्द्र कुमार शैलेन्द्र कुमार दददा पारस गोल्डन, महायज्ञ नायक पदम कुमार सौरभ कुमार वाझल, भरत चक्रवर्ती सुनील कुमार शैलेन्द्र कुमार संजीव कुमार श्रागर परिवार, बाहुबलि नितिन कुमार नीलेश कुमार टिंकल एन के, राजा श्रेयांस शालू भारत गौरव भारत परिवार, राजा सोम रिंकू भारत विकास कुमार अभय कुमार भारत, इंसान इन्द्र सुचित कुमार सचिन कुमार कासल, सनत कुमार इन्द्र अवनीश पाली एवं ध्वजारोहण करने का सौभाग्य विनोद कुमार वैभव जैन राजू मेडिकल परिवार को मिला है। इनका सम्मान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय केटी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री मनोज भैसरवास सयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघ ई मनोज रन्नौद श्रेयांस जैन सहित प्रमुख जनो दारा सभी का सम्मान किया गया

शाही पंच कल्याणक महोत्सव के लिए अभी से तैयारियां प्रारंभ कर दें: प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया इस दौरान प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भ इया ने कहा कि हम सबने सन 1992 में ऐतिहासिक श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महा महोत्सव एवं विश्व इतिहास में पहली बार सप्त गजरथ महोत्सव हुआ ऐसे ही इस पंच कल्याणक महोत्सव को शाही महामहोत्सव वनना है इसके लिए सभी को अभी से तैयारीयां शुरू कर दें। संस्कारो को देश से बाहर विदेशी में एन आर आई ले जायें उन्होंने कहा कि समस्त क्यों आईं। इस ओर ध्यान दिला रहा हूं आज इतना तुम्हारे लिए इतना मजबूर कर दिया जहां मांसाहार शराब आदि मिल रहे है। तुम्ने पूर्व में जव आपको मन्दिर मिला शाकाहारी भोजन होते हुए आप ने उसका सदुपयोग नहीं किया। कर्म ने कहा कि जब मौका मिला तव आपने उपयोग नहीं किया तो प्रकृति ने ऐसी परिस्थिति बना दी अब आपको जो मिला है उसका स्वागत करना शुरू कर दें। जिन मां बाप ने दुःख उठाकर पाला है तो हम अमेरिका के पचास लाख रुपए के पेकेज को छोड़ कर अपने घर के पांच लाख रुपए मंजूर है। हम अपनी संस्कृति संस्कारों को मजबूत करेंगे। आज आप की मजबूरी है तो कोई बात नहीं आप विदेश में रहकर भारतीय संस्कृति सभ्यता संस्कारों को जिंदा रख सकते हैं।

सभी जिनालयों में समर्पित किये गए निर्माण लाडू

धूमधाम से मनाया भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव

मुंगावली। जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2552 वे मोक्ष कल्याणक पर्व नगर में जैन श्रदालुओ द्वारा बड़े ही धूमधाम ओर भक्तिभाव के साथ मनाया इस शुभ अवसर पर सुबह से ही नगर के सभी जिनालयों पर बड़ी संख्या में श्रदालुओ पहुचे ओर श्रीजी अभिषेक, शांतिधारा की गई और भगवान महावीर स्वामी कि पूजन के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। ढोल नगाड़ो के साथ जैन समाज के लोगो ने सभी छः जिनालयों के दर्शन कर धर्म लाभ लिया,नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चन्द्र प्रभु जिनालय पर मोनू भैया के सानिध्य में सभी धार्मिक क्रियाएं सम्पन्न कराई गई,तो पाश्र्वनाथ जी लाल मंदिर में सभी धार्मिक क्रियायें पदम फट्टा जी ने कराई,जिसमें शांतिधारा करने का सौभाग्य रूपेश,राकेश जैन मामा परिवार,बाल ब्रह्मचारी सौरभ भैया परिवार व चंद्रप्रभु जिनालय में सुनील नायक,नीलेश मोदी,दिनेश मोदी,ओर प्रदीप बरया परिवार को सौभाग्य मिला। वही निर्वाण लाडू जैन समाज अध्यक्ष चंद्रेश मोदी,मुकेश मोदी,देवेंद्र चैधरी मोनू भैया जी परिवार को मिला। शाम को 48 दीपो से भगवान की महा आराधना हुई। वही निर्वाण महोत्सव के अवसर पर नगर में बनने वाले जिनालय मंदिर के लिए समाज के दो दर्जन से अधिक लोगो पुण्ययानीभुति कर दान किया गया। श्रद्धालुओं ने गौतम गड़धर स्वामी की पूजा की तो शाम को दीप प्रज्जवलन कर दीपावली की एक दूसरे को बधाई दी।

तीन थानों की पुलिस ने संभाला मोर्चा, गागोरनी छावनी में हुआ तब्दील

रास्ते के विवाद में दो समुदाय में झगड़ा एक पक्ष के 8 लोग घायल, चार गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

ग्राम गागोरनी में बुधवार सुबह लगभग आठ बजे रास्ते के पुराने विवाद को लेकर दो समुदाय के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस खूनी संघर्ष में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें चार लोग गंभीर घायल हो गए जिनमें कमलेश पिता रामप्रसाद वैरागी उम्र 40 वर्ष, दिनेश वैरागी पिता शिवप्रसाद उम्र 60 वर्ष , गुलकंदबाई पति कमलेश 45 वर्ष , पवन पिता कमलेश को गंभीर चोटें आई जिन्हें प्राथमिक इलाज उपरांत बाहर रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार यह विवाद घर के सामने से निकलने वाले रास्ते को लेकर हुआ था। आरोप है कि तस्लीम नामक युवक ने अपने 10 से अधिक साथियों के साथ मिलकर दिनेश बैरागी के परिवार पर लाठी, डंडे और पत्थरों से हमला किया। अचानक हुए इस हमले में घायल सभी आठ लोगों को उपचार के लिए जीरापुर अस्पताल लाया गया। वहां से चार गंभीर घायलों को इलाज के लिए झालावाड़ रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही जीरापुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

बुलाई गई तीन थानों से पुलिस फोर्स

विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए जीरापुर, खिलचीपुर और माचलपुर थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। गागोरनी गांव मे पुलिस बल तैनात किया। पुलिस ने हमले में शामिल तीन आरोपी तस्लीम, शाहरुख और इब्राहिम को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। हमले के बाद गांव में तनाव फैल गया। गुस्साए लोगों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर जीरापुर के इंदर चैराहे पर सड़क जाम कर दिया। थोड़े समय तक यातायात बाधित रहा, जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और स्थिति को शांत किया। जहां पर अनु विभागीय अधिकारी अंकिता जैन, एसडीओपी धर्मवीर सिंह नागर, नायब तहसीलदार रामकुमार धाकड़, माचलपुर थाना प्रभारी पूजा परिहार, खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती, सब इंस्पेक्टर आदित्य सोनी एवं संतोष सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

छावनी में बदला गागोरनी गांव

सुरक्षा की दृष्टि से गागोरनी गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। देखते-देखते पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस ने फरियादी मुकेश बैरागी गागोरनी की रिपोर्ट पर आरोपी इब्राहिम, शाहरुख, सादिक, तस्लीम, मांगीलाल मंसूरी, आशिक, अफसाना बी पिता इब्राहिम के खिलाफ बलवा, मारपीट जान से मारने की धमकी गाली-गलोच सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया। घटना के समय सुबह मुकेश अपनी दुकान खोलने जा रहा था उसी दौरान आरोपियों ने हमला किया जब बीच बचाव करने परिवार के लोग आयें तो उन पर भी हमला किया जिसमें चार लोग गंभीर घायल हो गए।

दिव्यांगजन संगठन पदाधिकारियों ने जाहिर किया रोष

फीकी रही जिले के दिव्यांगजनों की दिवाली, नहीं मिली पेंशन

राजगढ़। राजगढ़ जिले के सभी ब्लॉकों के सैकड़ों दिव्यांगों को आर्थिक तंगी के बीच दीपोत्सव मनाना पड़ा है। दूसरे शब्दों में कहें तो शासन, प्रशासन की अनदेखी के चलते दिव्यांगों की दीपावली इस बार फीकी रही है। दरअसल, प्रत्येक पात्र दिव्यांग को शासन द्वारा हर माह दी जाने वाली 600 रुपए की पेंशन राशि अक्टूबर में खातों में नहीं डाली गई। ऐसे में दिव्यांगजनों को खुशियों का पर्व आर्थिक तंगी और परेशानियों के बीच मनाना पड़ा है। दिव्यांग संगठन जिलाध्यक्ष राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि अनेकों दिव्यांग ऐसे हैं जिनके लिए शासन से मिलने वाली यह 600 रुपए पेंशन राशि काफी मायने रखती है। लेकिन, सितंबर माह की राशि 22 अक्टूबर तक भी किसी भी दिव्यांग के खाते में नहीं आ पाई है। हरिभूमि ने पेंशन न मिलने के संबंध में जब सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रभारी एवं जिला पंचायत के एसीईओ अर्पित गुप्ता से संपर्क करना चाहा तो उनसे बात नहीं हो पाई।

चुनावी घोषणा पर भी नहीं हुआ अमल

श्री विश्वकर्मा सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि चुनाव के समय दिव्यांगों की पेंशन राशि बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की गई थी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बावजूद उक्त घोषणा का पालन भी अभी तक नहीं हो पाया है। अगर यह सरकार इसी तरह दिव्यांगजनों की अनदेखी करती रही तो जिले से मप्र के सभी दिव्यांगजनों द्वारा सीएम हाऊस तक स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी।

दीपावली पर 'खुशियों का ओटला' ने बांटी खुशियां

ब्यावरा। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में ब्यावरा शहर स्थित पुलिस थाने के पीछे संचालित सामाजिक संस्था 'खुशियों का ओटला' द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी जरूरतमंद परिवारों को हैप्पी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में करीब 150 महिलाओं को नई साड़ियां, बच्चों को मिठाइयां, नमकीन, आतिशबाजी और कपड़े प्रदान किए गए। इस पहल का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक खुशियों को पहुंचाना रहा। संस्था के संचालक डॉ. सुरजीत सिंह ने बताया कि खुशियों का ओटला वर्ष 2015 से लगातार मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय है और हर त्योहार पर गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बीच सहायता सामग्री वितरित करता आ रहा है। इस अवसर पर डॉ. रवी साहू, सोनम खान, काजल, कनक विशकर्मा, प्रियांशी शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

खुजनेर में तमिलनाडु के जल्लीकटू की तर्ज पर हुआ गायों का पारंपरिक खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

दीपावली के अवसर पर खुजनेर नगर में वर्षों पुरानी परंपरा के तहत पड़वा के दिन गायों का पारंपरिक खेल गौ माता छोड़ा आयोजित किया गया। यह आयोजन यादव मोहल्ले में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से संपन्न हुआ। सुबह से ही नगरवासियों में इस अनोखे आयोजन को देखने का उत्साह देखने को मिला।

विधि-विधान से गौ माता की पूजा-अर्चना के बाद उन्हें कुलवाड़ क्षेत्र में स्थित कल्लू के स्थान पर ले जाकर छोड़ा खिलाया गया। इस दौरान बड़े-बुजुर्गों ने भगवान देवनारायण और भोना जी महाराज के हीड वह भजनों का गायन किया। दिवाली आने से पहले अहीर पंचायत के द्वारा भगवान देवनारायण की लीलाओं का वर्णन हीड गायन के साथ किया जाता है। खुजनेर में यह परंपरा तमिलनाडु के जल्लीकट्टू की तर्ज पर देखी जाती है। इसमें गायों को पारंपरिक तरीके से छोड़ा खिलाया जाता है, जिसके लिए दोना को पाड़े के चमड़े से डंडे में बांधकर खेलाया जाता है। सुबह 12 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस आयोजन में हजारों की संख्या में नगर और आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया, वहीं युवाओं ने आतिशबाजी कर उत्सव का आनंद लिया। श्रद्धालुओं का मानना है कि भगवान देवनारायण ने इस परंपरा की शुरुआत की थी, जिसे आज भी ग्रामीण आस्था और समर्पण के साथ निभा रहे हैं खुजनेर की यह अद्भुत परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि पशु-प्रेम और लोक संस्कृति की अनोखी झलक भी प्रस्तुत करती है।

निडरता का प्रदर्शन किया

इस खेल में द्रोणा तुलसी की गंध से गाय उत्तेजित होकर तेज दौड़ लगाती हैं और ग्रामीण अपनी फुर्ती, साहस व निडरता का प्रदर्शन करते हैं। कोलवाड़ से इस परंपरा का शुभारंभ हुआ और गायों के साथ छोड़ा पूरे गांव में घुमाया गया। जयकारों, नगाड़ों और शंखध्वनि के बीच पूरा माहौल भक्तिमय और रोमांचक बना रहा। नगर वाशियो का कहना है कि ये पर्व केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि आस्था और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। द्रोणा तुलसी की गंध वातावरण को शुद्ध करती है और इसे वर्षभर गांव में बीमारियों से बचाव का प्रतीक माना जाता है।

गौ सेवा से होती है समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण : मंत्री टेटवाल

गोवर्धन पूजा व गौ पूजन कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बुधवार को स्थानीय कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में स्थित गौशाला में गोवर्धन पूजा एवं गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत पवन दास महाराज के सानिध्य में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, कलेक्टर गिरीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने गोवर्धन पर्व के अवसर पर गौ माता की पूजा-अर्चना कर चारा खिलाया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति, श्रद्धा और समृद्धि की आधारशिला हैं। गौसेवा से न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है, बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्त नींव भी मजबूत होती है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,सुशील व्यास,विष्णु पाटीदार,बद्रीलाल बामनिया,जुगल किशोर दुबे,महेश पाटीदार सहित अन्य ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

किसानों ने घेरा बिजली ग्रिड

ब्यावरा। किसानों के लिए समय पर बिजली की आपूर्ति ने होने के कारण फसलों पर असर पड़ रहा है। जिसके चलते किसान परेशान हो रहे हैं। कई बारी बिजली विभाग को शिकायत करने के बाद भी किसानों को सिंचाई के लिए मात्र 2 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ब्यावरा के गिंदौर हाट, नेटाठारी पिपलिया खेडी व आधा दर्जन से अधिक गांव के नाराज किसानों ने सिलपटी बिजली ग्रिड का घेराव किया इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने तुरंत समाधान कि बात करते हुए बिजली आपूर्ति को समय पर देने की बात की जिसके लिए 3 दिनों का समय मांगा गया है। किसानों ने भी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विभाग द्वारा दी गई समय सीमा में समस्या का निदान नहीं हुआ तो फिर किसान आंदोलन व चक्का जाम करेंगे जिसकी जिम्मेदारी विभाग की होगी।

श्री मानस गीता गोशाला में धूमधाम से हुआ गोवर्धन पूजा महोत्सव

नरसिंहगढ़। दीपोत्सव के पावन अवसर पर श्री मानस गीता गोशाला परिसर में परंपरागत रीति से गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने विधिविधान से गोबर के गोवर्धन बनाकर पूजा-अर्चना की और गोमाता की परिक्रमा कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में विधायक मोहन शर्मा, महंत दीपेंद्र दास, भरत झंवर, रमेश मालवीय, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, जितेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य और आमजन उपस्थित रहे। पूजन उपरांत भजन-संकीर्तन के साथ प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर गोशाला परिसर दीपमालाओं से जगमगा उठा और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं।

पूजा-अर्चना एवं विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गोवर्धन पर्व

मां जालपा गोशाला में नजर आई आस्था, सेवा और संस्कारों की त्रिवेणी

राजगढ़। स्थानीय संकट मोचन मंदिर के समीप स्थित मां जालपा गोशाला में विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन करते हुए गोवर्धन पूजा पर्व मनाया गया। गोशाला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में गोमाता की आराधना, भजन-कीर्तन और झिलमिलाते दीपों की जगमगाहट से वातावरण भक्ति की गंगा में सराबार होता नजर आया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने गोशाला की गायों व अन्य गोवंश की पूजा-अर्चना उपरान्त गोसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इसके साथ ही वहां उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यजनों द्वारा भी गोमाता का पूजन-अर्चन करते हुए आर्शिवाद लिया गया। मंच पर आयोजित गोसेवक सम्मान समारोह में उन समर्पित गोसेवकों का स्वागत, अभिनंदन किया जो पूरे साल निस्वार्थ भाव से बीमार और निराश्रित गोवंशों की सेवा-सुश्रुसा में लगे रहते हैं।

महिलाओं ने गोवर्धन बनाकर की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

झाडला गांव-देहात सहित आसपास के दूरदराज ग्रामीणों में दीपावली का पर्व बड़े उत्साह हर्षोल्लास से मनाया गया। दीपावली पर्व को लेकर हर वर्ग विशेष में खासा उत्साह का वातावरण बना रहा। त्योहार पर किसान एवं गाँव के लोगो द्वारा खूब खरीदी की गई।वही पड़वा पर्व पर किसानों ने अपने पालतू मवेशी भैंस, गाय और भेड़ बकरी की पुजा की गई तथा महिलाओं द्वारा अपने अपने घर के द्वार के सामने गो माता के गोबर से गोवर्धन बनाकर पूजा अर्चना करके गोवर्धन परिक्रमा की गई। महिलाओं ने गोबर से निर्मित गोवर्धन बनाकर घर में सुख शांति, खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की तथा प्रसाद वितरण कर गोवर्धन भगवान से अपने परिवार के लिए मंगल जीवन की कामना की गई।

क्षेत्रीय सांसद और विधायक के अनुरोध पत्रों पर भी रेलवे ने नहीं किया विचार

राजगढ़ स्थित हेड पोस्ट ऑफिस में बंद हुई रेलवे रिजर्वेशन सुविधा

राजगढ़ नगर सहित क्षेत्र के अनेकों लोगों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे की दीपावली पर जहां शासन और सरकारें आमजनों के हितों के लिए नई-नई सौगातें दिया करती हैं वहीं राजगढ़ जिले में इसका उलट हुआ है। केंद्रीय रेलवे मंत्रालय ने राजगढ़ मुख्यालय स्थित हेड पोस्ट ऑफिस में साल 2014 से जारी रेलवे रिजर्वेशन काउंटर सुविधा को बंद कर दिया है। उक्त सुविधा के बंद होने से राजगढ़ नगर सहित आसपास क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को अब परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिजर्वेशन काउंटर बंद किए जाने का निर्णय पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों द्वारा रेलवे द्वारा जारी अधिकृत पत्र के आधार पर किया गया है।

सांसद और विधायक के अनुरोध पत्र भी न कर सके काम

आपको बतादें कि पोस्ट ऑफिस में रेलवे आरक्षण की उक्त सुविधा बंद किए जाने की सुगबुगाहट काफी समय से सुनाई दे रही थी। इसी के चलते क्षेत्रीय एवं राजगढ़ विधायक द्वारा केंद्रीय रेल मंत्री को पत्र लिखते हुए मुख्य डाकघर में संचालित रेलवे टिकिट आरक्षण केंद्र को यथावत रखने के आगृह पत्र भी लिखे जा चुके हैं। इसके बावजूद 21 अक्टूबर से पोस्ट ऑफिस में रेल टिकट आरक्षक केंद्र बंद कर दिया गया है।

पोस्ट ऑफिसकर्मी स्वयं करते थे टिकट बुकिंग

ऐसा भी नहीं है कि उक्त रेलवे टिकिट काउन्टर के संचालन हेतु रेलवे ने अपना कोई कर्मचारी पोस्ट ऑफिस में पाबंद कर रखा था। पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों द्वारा ही रिजर्वेशन काउन्टर पर आरक्षण सुविधा प्रदान की जा रही है।

टिकटों की कम बिक्री बनी कारण

हेड पोस्ट ऑफिस में रेल टिकटों की कम बिक्री उक्त आरक्षण केंद्र बंद होने का प्रमुख कारण बताई जा रही है। दरअसल, रेलवे ने 1 जनवरी 2025 से 30 जून 2025 के बीच प्रतिदिन 10 टिकिट औसत बिक्री का आंकड़ा निकाला था जिसमें राजगढ़ सहित 25 अन्य पोस्ट ऑफिस खरे नहीं उतर पाए। इसी आधार पर रेलवे ने अपने नियमों का हवाला देते हुए उक्त काउन्टर बंद किए जाने संबंधी पत्र जारी किया है।

आरक्षण काउंटर बंद होने से नागरिकों में रोष

रेलवे द्वारा आम नागरिकों की सुविधा हेतु 11 साल से सतत रूप से चले आ रहे रेलवे रिजर्वेशन काउन्टर को अचानक बंद किए जाने से स्थानीय नागरिकों एवं अक्सर रेल से यात्रा करने वालों में खासा रोष व्याप्त है। आमजनों द्वारा सोशल मीडिया पर भी रेलवे के उक्त निर्णय पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए नाराजगी जाहिर की जा रही है।

इनका कहना..

हम तो खुद नहीं चाहते थे कि राजगढ़ के हेड पोस्ट ऑफिस में संचालित रेलवे रिजर्वेशन काउंटर बंद हो। परन्तु, रेलवे ने निर्णय लिया है तो हमें उसका पालन करते हुए काउंटर बंद करना पड़ा।

एमएल मालवीय
अधीक्षक, मुख्य डाकघर, सीहोर